प्रेस नोट　　　　　　पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद　　　　　　दिनांक 23.08.2024

थाना साइबर क्राइम, पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा क्रिप्टो ट्रेडिंग के नाम पर ठगी करने वाला 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 02 मोबाइल बरामद ।

दिनांक 24.01.2024 से दिनांक 25.04.2024 के मध्य श्री संजय कटियार से कुल 1,37,00,000/- रूपये विभिन्न खातों में क्रिप्टो टेडिंग के नाम पर ट्रांसफर कराकर ठगी की गयी । उक्त घटना के सम्बन्ध में श्री संजय कटियार द्वारा दिनांक 01.05.2024 को थाना साइबर क्राइम पर अभियोग पंजीकृत कराया गया। इस मुकदमे का अनावरण कर दिनांक 28.07.2024 को प्रदीप कुमार , सुमित कुमार , आकिफ फरहान खान उर्फ मनन एवं दिनांक 14.08.2024 को अमित ककड़िया रंछोड़ को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है । इस गैंग के सदस्य मनोज राणा निवासी दिल्ली को दिनांक 22.08.2024 को फ्राड में प्रयोग किये गये मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया ।

अपराध कारित करने का तरीका

अभियुक्त गण द्वारा वादी मुकदमा से फेसबुक से सम्पर्क कर व्हाट्सएप नंबर से चैटिंग करते हुए एक क्रिप्टो करेन्सी ट्रेडिंग वेबसाइट https://www.lsecbuy.com के बारे में बताया तथा क्रिप्टो करेन्सी के द्वारा अत्यधिक मुनाफा कमाने का विश्वास दिलाया, मुकदमा उपरोक्त में अभि0 गण द्वारा संगठित रूप से फर्जी फर्में बनाकर उसके नाम पर करेन्ट बैंक अकाउन्ट खोलकर, अवैधानिक तरीके से सिम प्राप्त कर उसी सिम से व्हाट्सअप/टेलीग्राम आईडी बनाकर व्हाट्सअप/टेलीग्राम चैट करके वादी मुकदमा के साथ फर्जी क्रिप्टो करेन्सी ट्रेडिंग पोर्टल बनाकर उसे प्रलोभित कर फर्जी क्रिप्टो ट्रेडिंग कराकर विभिन्न बैंक खातों में कुल 1 करोड़ 37 लाख रुपये की धोखाधड़ी की गई । वेबसाइट पर मुनाफे के रुप में एक राशि लगातार बढते क्रम में दर्शायी जाती थी। बढे हुए मुनाफे को निकालने के लिये और पैसा जमा करवाया जाता था।

पूछताछ का विवरण

अभियुक्त मनोज राणा पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी आई-1761 चितरंजन पार्क (सीआर पार्क) थाना सीआर पार्क नई दिल्ली -19 उम्र 46 वर्ष हाल पता जे-78 प्रथम तल कालाजी थाना कालकाजी नई दिल्ली -19 उम्र 46 वर्ष ने वर्ष 2017 में मस्टर इन्टरप्राइजेज के नाम से आई-1761 चितरंजन पार्क साउथ दिल्ली, दिल्ली-110019 के पते पर एक फर्म रिकवरी एजेन्ट के काम के लिये रजिस्टर करायी थी, इसका व्यापार न चलने पर तरूण धवन के माध्यम से अश्वनी अरोड़ा पुत्र कृष्णलाल निवासी गीता कालौनी थाना गीता कालौनी ईस्ट दिल्ली से मिला जो कि खातों का काम करता था। उसके कहने पर अभि0 ने MUSTER ENTERPRISES के नाम पर पीएनबी बैंक की चितरंजन पार्क शाखा में एक चालू खाता दिनांक 29.01.2024 को खुलवाकर उससे लिंक मोबाइल नम्बर, डेबिट कार्ड, चैक बुक तथा इन्टरनेट बैंकिंग की यूजर आईडी पासवर्ड तरुन के माध्यम से अश्वनी अरोड़ा को दिये थे। अभि0 को इस खाते में होने वाले ट्रान्जेक्शन का 01 प्रतिशत प्राप्त होता था। इस खाते में दिनांक 16.02.2024 से 19.02.2024 अर्थात केवल 03 दिन में लगभग एक करोड रूपये की ट्रान्जेक्शन हुई थी।

इस गैंग के द्वारा फर्जी क्रिप्टो ट्रेडिंग साइबर अपराध कर 21 राज्यों में 250 घटनाओं में कुल 5 करोड से अधिक रुपये का साइबर फ्रॉड किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1. **मनोज राणा पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी आई-1761 चितरंजन पार्क (सीआर पार्क) थाना सीआर पार्क नई दिल्ली -19 उम्र 46 वर्ष हाल पता जे-78 प्रथम तल कालाजी थाना कालकाजी नई दिल्ली -19 उम्र 46 वर्ष**

बरामदगी का विवरण - 02 मोबाइल फोन ।

गिरफ्तार करने वाली टीम

थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम, कमिश्नरेट गाजियाबाद।

Lsecbuy.Com